आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

16.04.2024 समय : 1850

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार कल शाम छः बजे समाप्त हो जाएगा।
- द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने मतदाताओं से उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का अनुरोध किया है।
- द्वीपसमूह में इस बार दो सौ छः मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग होगी।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िले में चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जा रहा है।
- नवरात्रि का पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है।

<><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहले चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार कल शाम छः बजे समाप्त हो जाएगा। भारतीय चुनाव आयोग की ओर से इस संबंध में विशेष निर्देश जारी किया गया है, ताकि मतदान को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराया जा सके और कानून और व्यवस्था को भी कायम रखा जा सके। द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने आज मीडिया को चुनाव पूर्व तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि मतदान से अड़तालीस घंटे पूर्व यानी कल शाम छः बजे से लेकर बीस अप्रैल तक धारा एक सौ चवालीस लागू रहेगी। यह आदेश कामकाजी लोग और अन्य धार्मिक समारोह के अलावा मतदान के लिए मतदान केन्द्र के भीतर आने वाले मतदाताओं पर तब तक लागू नहीं होगा, जब तक वे किसी प्रकार की अवैध गतिविधि या शांति भंग करने का प्रयास न करें। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मतदाताओं से उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का अनुरोध किया है।

बाईट–अर्जुन–34 से0

उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण और बेतरतीब का काम भी पूरा हो चुका है। अट्ठारह अप्रैल को मतदान कर्मी अपने–अपने सब–डिविजन के लिए रवाना हो जाएंगे। ई वी एम भेजने का कार्य कर लिया गया है। अधिकांश हिस्सों में ई वी एम पहुंच चुकी है और उन्हें चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार स्ट्रांग रूम में सील भी कर दिया गया है। पोर्ट ब्लेयर और अन्य सब–डिविजन में भी मतदान कर्मी एकत्र केन्द्र में इकट्ठा होंगे तथा मतदान सामग्रियां और ई वी एम की जांच करके अपने–अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हो जाएंगे। श्री अर्जुन शर्मा ने कहा कि संवेदनशील, दुर्गम, मतदान केन्द्रों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अलावा सूक्ष्म पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए गए हैं।

निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस बार दो सौ छः मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग होगा।

<><><><><><><><><>

इस बीच, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में कल से उन्नीस अप्रैल और चार जून मतगणना के दिन ड्राई डे की घोषणा की गई है।

<><><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी दिलखुश मीणा ने बताया कि प्रवर्तन टीम की ओर से जिले में पूरी सतर्कता बरती जा रही है। आचार संहिता के उल्लंघन के कुछ मामलों में उल्लंघनकर्ताओं को नोटिस भेजा गया है और कुछ मामलों में एफ आई आर भी दर्ज हुई है। उन्होंने कहा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सारी तैयारियां कर ली गई है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए सुरक्षा प्रबंध को पुख्ता किया गया है और इस पर निगरानी भी रखी जा रही है। मतदान से बाहत्तर घंटे पूर्व और मतदान से अड़तालीस घंटे पूर्व चुनाव प्रबंधन के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। समय पर और पहले से ही योजना बनाकर स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराया जा सकता है। द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा और जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने रात के समय शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया, ताकि आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन सुनिश्चित किया जा सके। निर्वाचन अधिकारी ने सभी टीम को चुनाव से ठीक पहले जांच कार्यों मे और तेजी लाने का निर्देश दिया।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में नवरात्रि का पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। आज नवरात्रि का आठवां दिन है और आज देवी की महागौरी रूप की आराधना की जा रही है। आज श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन किया और प्रसाद का वितरण किया। कल नवरात्रि का अंतिम दिन है।

इस बीच, देश के अन्य भागों के साथ द्वीपों में भी श्री रामनवमी का पर्व कल मनाया जाएगा। इस सिलसिले में विभिन्न क्षेत्रों में पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ब्रुक्शाबाद के श्री हनुमानगढ़ मंदिर में कल सुबह दस बजे पूजा–पाठ के बाद में दिन में बारह बजे से भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। चिन्मय मिशन पोर्ट ब्लेयर में कल सुबह साढ़े नौ बजे से कार्यक्रम आरंभ होगा। दिन में ग्यारह बजे सुंदरकांड पाठ होगा और दिन में साढ़े बारह बजे प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बरगद लाईन स्थित सिरडी साई बाबा मंदिर में कल सुबह साढ़े नौ बजे पूजा–अर्चना के कार्यक्रम आरंभ होंगे। दिन में साढ़े बारह बजे से प्रसाद का वितरण किया जाएगा। श्री राम मंदिर ब्रिचगंज में कल सुबह दस बजे मनका पाठ आरंभ होगा और बाद में भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने आज विभिन्न एन डी पी एस धाराओं के तहत ज़ब्त किए गए नशीले पदार्थों को नष्ट किया। जी बी पंत अस्पताल परिसर में इन पदार्थों को मीडिया के समक्ष नष्ट करने की व्यवस्था की गई थी। पुलिस की ओर से जब्त किए गए इन नशीले पदार्थों को अलग–अलग थैलो मे रखा गया था और मशीन में डालकर ऐसे पदार्थों को नष्ट किया गया। इस अवसर पर उप–पुलिस महानिरीक्षक मोनिका भारद्वाज ने बताया कि द्वीपों को नशामुक्त करने के लिए नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस की मुहिम जारी रहेगी।

<><><><><><>